भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 924

09 फरवरी, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन

924 श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी:

श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के तहत उपभोगकर्ताओं के संग्रहित किए जाने वाले आंकड़ों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उन सरकारी और गैर-सरकारी निकायों का ब्यौरा क्या है जो इस मिशन के जरिए संग्रहित किए गए आंकड़ों का प्रबंधन करेंगे और जिन तक उनकी पहुंच होगी; और

(ग) राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के तहत व्यक्तियों के व्यक्तिगत आंकड़ों की सुरक्षा किस तरह से की जाएगी?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) प्रायोगिक आधार पर चरण-I में 6 संघ राज्य क्षेत्रों (अंण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह, चण्डीगढ़, दादरा और नगरहवेली तथा दमन और दीव, लक्षद्वीप, लद्दाख तथा पुद्दुचेरी में राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (एनडीएचएम) का पायलट आधार पर कार्यान्वयन किया जा रहा है।

चरण-I के अन्तगत , एनडीएचएम रोगियों के लिए स्वास्थ्य आईडी, सुविधा केन्द्र रजिस्ट्री और चिकित्सक रजिस्ट्री जैसी सेवाओं का प्रावधान करता है।

एनडीएचएम प्रणाली का प्रयोग विभिन्न स्वास्थ्य सूचना प्रदाताओं, सुविधा केन्द्रों और प्रयोगशालाओं से आकंड़े लेकर व्यक्ति के लिए व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकाड तैयार करने के लिए किया जा सकता है।

एनडीएचएम के अन्तगत एक स्वास्थ्य- आईडी तैयार करने के लिए, लाभार्थी का केवल बुनियादी जनसांख्यिकीय और भौगोलिक सूचना जैसे नाम, जन्म का वष, लिंग, मोबाईल नम्बर एवं पता एकत्रित किया जाता है।

(ख) एनडीएचएम का प्रबंधन सीधे तौर पर भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है।

रोगी के पास एक उचित सहमति वाली प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से अपने व्यक्तिगत आकड़ को साझा करने का विकल्प होगा।

(ग) एनडीएचएम का स्थापना '' प्राइवेसी बाई डिजाइन'' के एक सिद्धान्त पर का जा रहा है।

राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य ब्ल्यू प्रिंट (एनडीएचबी) डेटा और दिशा-निदर्शों तथा प्रासंगिक अधिनियमों जैसे आईटी सुरक्षा अधिनियम, वैयक्तिक डेटा सुरक्षा अधिनियम आदि का अनुपालन करते हुए तैयार किए जाने वाली सभी प्रक्रियाओं को गुप्त रखने के लिए प्रस्तावित है।

*****